an>

Title : Need to organise armed forces recruitment rallies in Latur Parliamentary Constituency, Maharashtra -laid.

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे (लातूर) : मेरे लातूर संसदीय क्षेत्र में पिछले लगभग एक दशक से सूखा पड़ रहा है । सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण यहां किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं । पानी की कमी के कारण यहां से सभी बड़े उद्योग भी पलायन कर गए हैं । यहां युवाओं के लिए रोजगार के कोई अवसर मौजूद नहीं होने के कारण भारी बेरोजगारी व्याप्त है । दूसरे यहां के युवाओं में देशभक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है तथा वे सेना में भर्ती होकर देश की सेवा के लिए तत्पर हैं ।

अतः मेरा रक्षा मंत्री जी से अनुरोध है कि महाराष्ट्र के लातूर जिले में मुख्य-मुख्य स्थानों पर थेल सेना, वायु सेना और नौ सेना में भर्ती हेतु रैलियों का आयोजन किया जाए ताकि यहां के नौजावान सेना में भर्ती होकर देश की सेवा कर सकें ।